Place: Noida
Date: 25/05/2026

Sd/- Authorised Officer,
SATYA MICRO Housing Finance Private Limited

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House,
P.o. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

GOLD AUCTION NOTICE

The pledges, in specific and the public, in general, are hereby notified that public auction of the gold ornaments pledged in the below accounts is proposed to be conducted at the following branches on 16/06/2026 from 10.00 am onwards. We are auctioning gold ornaments defaulted customers who have failed to make payment of his/her loan amount despite being notified by registered letters. Unauctioned items shall be auctioned on any other days without further notice. Changes in venue or date (if any) will be displayed at auction centre and on website without any further notice.

List of pledges:-

ALLAHABAD, CIVIL LINES-ALLAHABAD, 0125550700017874, 7907, 8143, 8306, 8311, 8400, 8453, 8459, 8839, 9341, 0125550730021835, 2025, M. G ROAD- ALLAHABAD, 0131590700026467, 6510, 8097, 0131590730023678, 5663, 5727, 6094, 6102, 9647, MEERAPUR-ALLAHABAD, 0129450700022132, 2900, 0129450730017827, 7866, 7991, 9040, PHULPUR ALLAHABAD, 0137080700005038, 5607, 5724, 6318, 6339, 0137080730021624, 2907, 3061, 3343, 3554, SULEM SARAI-ALLAHABAD, 0129390700018180, 8519, 9016, 0129390730017078, 7079, 8690, 9759, 0063, AZAMGARH, AZAMGARH NEW, 0137850700005996, 0137850730019997, BALRAMPUR, BALRAMPUR UP, 0137210730025262, 7114, 7314, TULSIPUR-BALRAMPUR, 0137090700008015, 8405, 8657, 0137090730019544, BARABANKI, CIVIL LINES-BARABANKI, 0134730700014881, 4936, 5115, 5315, 0134730730014147, FATEHPUR BARABANKI, 0138160700003950, 4288, 0138160730006720, 7470, NAWABGANJ, 0137920700002520, 2522, 0137920730002176, BASTI, MALVIA ROAD-BASTI, 0134570700025228, 5891, 8517, 9481, 9831, 0134570730024157, 6102, 6685, 0662, MEHARI KHAMA, 0134610700023894, 4359, 5342, 5466, 0134610730032622, 2797, 3339, CHANDAULI, CHANDAULI BRANCH ,UTTAR PRADESH, 0135780700017672, 7799, 7828, 8021, 8030, 8488, 9051, 9100, 9679, 0135780730009902, 9903, 0010, 0344, 2212, MUGHALSARAI, 0135850700031485, 4231, 5541, 5836, 7422, 0135850730027440, 7577, 9048, DEORIA, BHIKHAMPUR DEORIA, 0138370700006336, 8315, 8622, 9420, 0138370730007586, 7669, 7703, 7956, 8139, KACHERY CHOWRAHA DEORIA, 0135760700036821, 7202, 7342, 7535, 2507, 2893, 2967, 4667, 0135760730033261, 3422, 3467, 3562, 4394, 5325, 5843, RUDRAPUR, 0137930700003245, 5394, 0137930730016355, FAIZABAD, RUDAULI, 0139080700002858, 0139080730007382, 0229, FARRUKHABAD, FARRUKHABAD, 0138390700004039, 4320, 4338, 4342, 4348, 4368, 4412, 0138390730008648, 8674, 8675, 8805, KAIMGANJ, 0137880700003696, 4385, 0137880730002480, 5059, NEKPUR CHAURASI-FATEHGARH, 0134630730026562, 6599, 6602, FAIZABAD-U.P, 0134170700021801, 2254, 2426, 2635, 2636, 2661, 2911, 0134170730017811, 9174, 0169, GONDA, GONDA, 0136930700009928, 1145, 1336, 1495, 1529, 1530, 1578, 1610, 1683, 1805, 0136930730035245, 5312, 5534, 5602, 0176, MANKAPUR, 0137030700013961, 4210, 0137030730019145, 9789, 1208, 1273, BABINA ROAD, 0133990700035297, 0023, 1192, 1580, 0133990730054835, 5512, DHARAMSHALA BAZAR-GORAKHPUR, 0133460700024333, 7593, 8039, 8682, 9596, 9701, 0133460730034072, 2255, 0028, 0035, GOLEGHAR, 0134500700023644, 6052, 6571, 6606, 0134500730027708, 8288, 8385, 8484, 8595, 8633, 2768, RAPTI NAGAR PHASE 1-GORAKHPUR, 0131410700030526, 0558, 4106, 4258, 4344, 4353, 5139, 5160, 5176, 6070, 0131410730027853, 9694, 9844, 9857, 0028, 0251, 0471, 0077, 0098, 0068, RETI ROAD-GORAKHPUR, 0133580700018076, 8688, 0133580730030964, HARDOI, CINEMA CHOURAHA-HARDOI, 0134080700040927, 1475, 1516, 1526, 0134080730020755, 0768, 0769, 1272, 1457, 1885, 4831, 5437, RAILWAY GANJ-HARDOI, 0134430700021443, 1690, 3156, 0134430730015104, 5158, 5159, 5283, 5444, JAUNPUR, JAUNPUR, 0138820700004533, 0138820730020286, 5985, 6136, KANPUR NAGAR, 80 FEET ROAD- KANPUR, 0125900700011990, 2005, CHUNNIGANJ-KANPUR, 0132200700011483, 1588, EXPRESS ROAD- KANPUR, 0125850730013751, 0125850750000068, GOVIND NAGAR- KANPUR, 0125880700020417, 2672, 0125880730019019, 9076, 9109, 9110, 9297, 9298, 9324, KAKADEV NAGAR-KANPUR, 0126330700021872, 1937, 2261, 3138, 3297, 0126330730016522, 6779, 6883, 6892, KIDWAI NAGAR- KANPUR, 0128340700021945, 3593, 3800, 4073, 4749, LAL BENGLA, 0112390700026842, 6879, 8236, 8276, 9052, 9165, 0112390730045313, 9999, 0334, 0853, 1478, 1971, 2151, 2250, MAIN JUHI GAUSHALA-KANPUR, 0133810700022170, 4628, 4701, 4777, 4962, 4990, 5101, 5205, 0133810730036270, 8798, 1253, 1526, 1635, 1839, 2061, SANTH NAGAR- KANPUR, 0126290730025667, 6811, VIKAS NAGAR-KANPUR, 0126970700017414, 7882, 7964, 8468, 0126970730018260, 8304, 0194, KUSHI NAGAR, KAPTANGANJ, 0137500700007594, 8693, 0137500730006076, 6211, KUSHINAGAR UP, 0135710700019978, 2602, 3730, 3731, 3790, 3802, 3838, 3869, 3915, 3967, 3978, 5683, 5782, 5947, 6340, 0135710730040487, 0806, 1108, 1509, 1899, 1993, PADRONA, 0137520700007200, 7270, 9272, 0137520730009707, 0084, 0180, 0322, 0351, 0693, AASHIYANA, 0124520700037831, 8198, 8769, 8822, 8852, 9981, 0124520730023503, 3525, 4198, 6406, 6545, 6949, 7729, 8593, 8669, 9466, 4216, ALAMBAGH, 0111940700037076, 7078, 0137, 0159, 0200, 0260, 0613, 0705, 0836, 0998, 1261, 1313, 2667, 0111940730043388, 4691, 4916, 4917, 5679, 6308, 6460, 6644, 6668, 7836, 9911, 0129, ALIGANJ,LUCKNOW, 0119120700041485, 2105, 0119120730033028, 3029, 3536, 3553, 0313, AMINABAD CIRCLE, 0111960700021988, 2541, GAURIGANJ-UP, 0135840730017602, GOMTINAGAR,LUCKNOW, 0120400700038392, 9666, 0811, 0981, 1050, 1537, 1975, 2235, 2980, 3914, 0120400730038568, 4665, 4875, 4901, 5063, 5386, 5694, 8126, 8128, 8147, 2150, 2541, HARDOI ROAD LUCKNOW, 0114040700031851, 2417, 2555, 2857, 2902, 2977, 4455, 0114040730020831, 0832, 0936, 1166, 1880, 3482, 3909, 5256, 0477, LATOUCHE ROAD LUCKNOW, 0119400700022764, 0119400730045373, 5906, 5907, 6533, 7122, MAHANAGAR,LUCKNOW, 0120390700027645, 8284, 0120390730029970, 0099, 0170, RAJAJIPURAM-LUCKNOW, 0132960700024001, 4079, 4309, 4442, 0132960730019290, 9476, 9732, 0581, 1876, THAKURGANJ, 0112860700029820, 0741, 0112860730028331, 8352, 0244, 0272, 2057, 2058, 2299, VICTORIA STREET-LUCKNOW, 0133950700020203, 0329, 0554, 0133950730011462, 2408, 2512, 2888, VIKAS NAGAR LUCKNOW, 0135020700022366, 0135020730027568, 2689, MAHARAJGANJ, MAHARAJAGANJ, 0137070700014434, 4520, 4968, 5471, 0137070730070320, 0322, 1274, 3384, 0139, PRATAPGARH, PRATAPGARH UP, 0135770700012053, 2060, 0135770730016267, 6379, 6824, RAEBAREILI, LALGANJ, 0137050700004919, RAEBARELI, 0137350700005849, 5970, 0137350730011363, 1475, 1620, SAHARANPUR, COURT ROAD SAHARANPUR, 0135400700020631, 2801, 2963, 4729, 4739, 0135400730034178, SAHRANPUR CENTER, 0137510730030542, 0543, SANT KABIR NAGAR, KHALILABAD NEW, 0138590700006377, 6807, 0264, 0138590730011278, 1501, 1502, 1684, 3734, SANT RAVIDAS NAGAR, BHADOHI, U.P, 0135630730024862, 7438, SIDDHARTH NAGAR, NAUGARH-UP, 0137130700012205, 2947, 3300, 3603, 3624, 3766, 3868, 4150, 5226, 5254, 0137130730011472, 3605, 3621, 4604, SITAPUR, MISRIKH, 0137190700004513, 5561, 5764, 6094, 0148, SITAPUR, 0137160700008131, 8512, 0137160730032023, 3199, 0172, SULTANPUR, JAGADISHPUR,U.P, 0135810700013303, 0135810730008038, 9023, SULTANPUR, 0137060700004852, 5664, 5882, 6270, 6415, 6624, 0137060730041172, 1647, UNNAO, UNNAO, 0137040700012927, 4063, 4118, 0137040730009947, VARANASI, LANKA,VARANASI, 0119850700025533, 5585, 5740, 5745, 6044, 6630, 6904, 7635, 7805, 7822, 0479, 0119850730042559, 3337, 4085, 4748, 7509, LAYHRABIR VARANASI, 0119920700029041, 9397, 9776, 9830, 0172, 0657, LUXA ROAD,VARANASI, 0119820700027336, 0119820730019060, 9212, MEHMOOR GANJ-VARANASI, 0128710700023912, 5387, 5707, 5823, 5836, 5838, 0128710730034916, 6592, 6593, 6594, 6595, 6596, 6645, 6733, 6946, ORDERLY BAZAR, 0124140700037628, 1985, 2381, 2605, 3361, 3439, 3838, 4305, 4706, 5927, 5950, 0124140730063236, 3238, 4527, 5257, 7741, 7869, 0314, 0140, PRADE KOTHI- VARANASI, 0132210700019416, 0132210730020333, SIGRA-VARANASI, 0131500700021086, 0131500730021976, SUNDERPUR- VARANASI, 0132750700023422, 3997, 7391, 7521, 7535, 0132750730019059, 9060, 0234, 3126, VISHWESHWAR GUNJ, 0132850700019065, 1503, 1653, 1915, 2006, 0132850730013326,

Persons wishing to participate in the above auction shall comply with the following:- Interested Bidders should submit Rs. 10,000/- as EMD (refundable to unsuccessful bidders) by way of NEFT/RTGS on the same day of auction. Bidders should carry valid ID card/PAN card. For more details please contact 9072607147.

Authorised Officer
For Manappuram Finance Ltd

क्वाड के वार से तिलमिलाये चीन-पाक ने J&K पर उगला जहर

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के दौरान जारी साझा बयान में चीन ने जम्मू-कश्मीर को तथाकथित इतिहास से जुड़ा विवाद बताने की कोशिश की। पाकिस्तान ने फिर वही पुराना राग अलापा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों की आड़ लेकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश की।

दिल्ली में हुई क्वॉड देशों की बैठक ने चीन और पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ा दी है। भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका ने एक सुर में पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद पर करारा प्रहार किया तो पाकिस्तान तिलमिला उठा। दूसरी तरफ क्वॉड के मंच से चीन की विस्तारवादी चालों पर भी घेरा कस दिया गया। बस फिर क्या था, बौखलाए चीन और पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को लेकर जहरीला बयान जारी कर अपनी कुंठा बाहर निकालनी शुरू कर दी। लेकिन नए भारत ने भी बिना देर किए ऐसा तगड़ा पलटवार किया कि बीजिंग और इस्लामाबाद दोनों की बोलती बंद हो गई।

भारत ने साफ और दो टूक शब्दों में कह दिया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान के साझा बयान को पूरी तरह अनावश्यक और अस्वीकार्य बताते हुए स्पष्ट कर दिया कि किसी दूसरे देश की इतनी औकात नहीं कि वह भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करे। नई दिल्ली ने यह भी जता दिया कि भारत अब हर उकसावे का जवाब उसी की भाषा में देना जानता है।

दरअसल पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की चीन यात्रा के दौरान जारी साझा बयान में चीन ने जम्मू-कश्मीर को तथाकथित इतिहास से जुड़ा विवाद बताने की कोशिश की। पाकिस्तान ने फिर वही पुराना राग अलापा और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों की आड़ लेकर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने तुरंत उनकी इस साजिश की धज्जियां उड़ा दीं। नई दिल्ली ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर पर भारत की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट और अटल है। दुनिया की कोई ताकत भारत की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकती।

भारत ने चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर भी बेहद कड़ा रुख अपनाया। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि इस परियोजना का हिस्सा भारत की उस संप्रभु भूमि से गुजरता है जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। भारत ने दो टूक चेतावनी दी कि किसी भी देश को पाकिस्तान के इस गैरकानूनी कब्जे को वैधता देने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह सीधा संदेश चीन के लिए था, जो पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के खिलाफ चालें चलता रहता है।

साथ ही नई दिल्ली ने चीन और पाकिस्तान के तथाकथित सीमा पार जल सहयोग के दावे की भी हवा निकाल दी। भारत ने तीखा सवाल पूछा कि जब चीन और पाकिस्तान की कोई साझा सीमा ही नहीं है तो फिर यह कथित सीमा पार जल सहयोग आखिर किस आधार पर हो रहा है। यह सवाल चीन की उस चालाक नीति पर जोरदार तमाचा है जिसके जरिये वह पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत को घेरने की नाकाम कोशिश करता रहता है।

उधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईद के मौके पर भी जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाकर अपनी हताशा जाहिर कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर तथाकथित भारतीय कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर का जिक्र किया। लेकिन सच यह है कि पाकिस्तान आज आर्थिक बर्बादी, आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अलगाव से जूझ रहा है। दुनिया उसे आतंक फैलाने वाले देश के रूप में देखती है और अब वह चीन के सहारे भारत के खिलाफ बयानबाजी कर अपने लोगों को भरमाने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही चीन की भूमिका भी पूरी तरह दोहरी और स्वार्थी नजर आई। एक तरफ वह भारत के साथ संबंध सुधारने की बात करता है, दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत की अखंडता पर सवाल उठाने की कोशिश करता है। लेकिन चीन को अब यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि यह नया भारत है। अब भारत हर मंच पर आंख में आंख डालकर जवाब देता है और अपनी संप्रभुता पर किसी भी तरह की चोट बर्दाश्त नहीं करता।

सच्चाई यही है कि पूरा का पूरा जम्मू-कश्मीर भारत का था, है और हमेशा रहेगा। पाकिस्तान ने जिस हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है, वह भी भारत की ही भूमि है। चीन और पाकिस्तान दोनों को समझ लेना चाहिए कि भारत की अखंडता से खिलवाड़ करना बहुत भारी पड़ेगा। पाकिस्तान और चीन को यह भी समझना होगा कि आतंकवाद के सहारे और झूठे बयानों के दम पर इतिहास नहीं बदला जा सकता।

भारत ने जिस मजबूती के साथ चीन और पाकिस्तान के साझा बयान को खारिज किया है, उसने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि अब भारत किसी दबाव में आने वाला नहीं। पाकिस्तान और चीन चाहे जितनी साजिशें रच लें, लेकिन जम्मू-कश्मीर भारत का मुकुट है और इस मुकुट पर किसी की बुरी नजर कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-नीरज कुमार दुबे
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

क्वाड विदेशी मंत्रियों की नई दिल्ली बैठक के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मायने

भारत-अमेरिका संबंधों में नई ऊर्जा: हाल के समय में टैरिफ और रणनीतिक मतभेदों के बावजूद बैठक ने दिखाया कि Quad ढांचा अभी भी मजबूत है। इससे संकेत मिलता है कि भारत और अमेरिका दोनों चीन को लेकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं। Quad व्यक्तिगत नेताओं से ऊपर उठकर संस्थागत रूप ले रहा है।

भारत की राजधानी नई दिल्ली में हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक सिर्फ एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि बदलती वैश्विक शक्ति-संतुलन की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरी है। इसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने इंडो-पैसिफिक, समुद्री सुरक्षा, सप्लाई चेन, ऊर्जा और चीन की बढ़ती आक्रामकता जैसे मुद्दों पर साझा रणनीति बनाई।

देखा जाए तो नई दिल्ली की यह बहुप्रतीक्षित क्वाड (Quad) बैठक यह बताती है कि आने वाले दशक में वैश्विक राजनीति का केंद्र यूरोप से हटकर इंडो-पैसिफिक बनने जा रहा है, और इस नई भू-राजनीतिक व्यवस्था में भारत केवल सहभागी नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है। इसका सारा श्रेय मोदी प्रशासन और आरएसएस के प्रति समर्पित बुद्धिजीवियों को जाता है, जिन्होंने अपनी सधी हुई रणनीति का वैश्विक कमाल दिखा दिया।

आइए सबसे पहले समझते हैं कि क्वाड क्या है? तो यह जान लीजिए कि Quadrilateral Security Dialogue यानी Quad चार लोकतांत्रिक देशों- भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया- का रणनीतिक समूह है, जिसका मुख्य उद्देश्य फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक को सुरक्षित रखना है।

क्वाड देशों के विदेशमंत्रियों की नई दिल्ली बैठक से निकले राष्ट्रीय मायने निम्नलिखित हैं:-पहला, भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत: दिल्ली में बैठक आयोजित होना यह दिखाता है कि India अब इंडो-पैसिफिक राजनीति का केंद्रीय खिलाड़ी बन चुका है। भारत, अमेरिका और पश्चिम के लिए संतुलित साझेदार है। वैश्विक दक्षिण (Global South) और पश्चिमी शक्तियों के बीच सेतु की भूमिका निभा रहा है। चीन के मुकाबले लोकतांत्रिक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

दूसरा, रक्षा और समुद्री सुरक्षा को लाभ: Quad की समुद्री निगरानी पहल भारत के लिए महत्वपूर्ण है। इससे हिंद महासागर में भारतीय निगरानी क्षमता बढ़ेगी। चीन की नौसैनिक गतिविधियों पर बेहतर नजर रखी जा सकेगी। भारतीय नौसेना को तकनीकी सहयोग मिलेगा।

तीसरा, आर्थिक और तकनीकी अवसर: क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर और ऊर्जा सहयोग से भारत को: नई निवेश संभावनाएँ, सप्लाई चेन हब बनने का मौका, मैन्युफैक्चरिंग विस्तार, और हाई-टेक उद्योगों में बढ़त मिल सकती है।

चौथा, आतंकवाद पर भारत की चिंता को समर्थन: बैठक में आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद की निंदा की गई, जिसमें पहलगाम हमले का भी उल्लेख हुआ। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण कूटनीतिक समर्थन है, विशेषकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दे पर, और वैश्विक मंचों पर भारत की सुरक्षा चिंताओं को वैधता देने में।

पांचवां, भारत-अमेरिका संबंधों में नई ऊर्जा: हाल के समय में टैरिफ और रणनीतिक मतभेदों के बावजूद बैठक ने दिखाया कि त्द्धड्डस्र ढांचा अभी भी मजबूत है। इससे संकेत मिलता है कि भारत और अमेरिका दोनों चीन को लेकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं। त्द्धड्डस्र व्यक्तिगत नेताओं से ऊपर उठकर संस्थागत रूप ले रहा है।

हालिया हुई बैठक के अंतरराष्ट्रीय मायने निम्नलिखित हैं-पहला, चीन को सामरिक संदेश: बैठक का सबसे बड़ा संकेत चीन के लिए था। संयुक्त बयान में दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में बलपूर्वक यथास्थिति बदलने卐 पर चिंता जताई गई। इसका अर्थ हुआ कि चीन की समुद्री सैन्य गतिविधियों पर निगरानी बढ़ेगी।इंडो-पैसिफिक में शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश तेज होगी। Quad अब केवल संवाद मंच नहीं बल्कि रणनीतिक समन्वय मंच बनता दिख रहा है। **दूसरा, इंडो-पैसिफिक में नई भू-राजनीतिक धुरी:** Quad देशों ने समुद्री निगरानी, पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा सुरक्षा पर नई पहलें शुरू कीं। फिजी में संयुक्त पोर्ट परियोजना इसकी मिसाल है। इससे प्रशांत द्वीपीय देशों में चीन का प्रभाव संतुलित करने की कोशिश होगी। हिंद महासागर से प्रशांत महासागर तक नई रणनीतिक कनेक्टिविटी बनेगी। छोटे देशों को चीनी कर्ज कूटनीति का विकल्प मिलेगा।

तीसरा, सप्लाई चेन और क्रिटिकल मिनरल्स की राजनीति Quad ने क्रिटिकल मिनरल्स और ऊर्जा सुरक्षा पर नया फ्रेमवर्क बनाया। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि: चीन रेयर अर्थ मिनरल्स में वैश्विक प्रभुत्व रखता है। सेमीकंडक्टर, रक्षा और AI उद्योग इन खनिजों पर निर्भर हैं। भारत, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका मिलकर चीन-निर्भरता कम करना चाहते हैं।

चौथा, पश्चिम एशिया संकट और समुद्री व्यापार: बैठक में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज और रेड सी की सुरक्षा पर विशेष चर्चा हुई। इसके मायने ये हुए कि ईरान-इजरायल तनाव का असर वैश्विक व्यापार पर पड़ रहा है। क्वाड (Quad) वैश्विक समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाना चाहता है। ऊर्जा आपूर्ति और तेल कीमतों को स्थिर रखने की कोशिश है। पांचवां, एशियाई नैटो की बहस तेज: चीन लगातार क्वाड (Quad) को ब्लॉक राजनीति कहता रहा है। हालांकि क्वाड (Quad) खुद को नैटो (NATO) नहीं मानता, लेकिन सैन्य सहयोग बढ़ रहा है। समुद्री निगरानी और तकनीकी साझेदारी गहरी हो रही है। साझा सुरक्षा सोच विकसित हो रही है।

सच कहूं तो नई दिल्ली की यह क्वाड (Quad) बैठक बताती है कि आने वाले दशक में वैश्विक राजनीति का केंद्र यूरोप से हटकर इंडो-पैसिफिक बनने जा रहा है। और इस नई भू-राजनीतिक व्यवस्था में भारत केवल सहभागी नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

- कमलेश पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.फ.स./निर्माण/2026-27/ई-2/53 दिनांक :- 21/05/2026

ई-निविदा सूचना संख्या - ई 02/2026-27

नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ द्वारा राजस्थान सरकार के समुचित वर्ग के सूचीबद्ध ठेकेदारो/संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। UBN No.: DLB2627WSOB05536

कुल निविदा के कार्य — कुल 01 कार्य
निविदा की अनुमानित लागत — राशि रु. 24.89 लाख

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका फतहनगर सनवाड़

राज.संवाद/सी/26/3634

कार्यालय अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, उदयपुर

E-mail SEWDSC.UDAIPUR@RAJASTHAN.IN

क्रमांक : एफ ( ) / निविदा / लेखा / 2026-27 / 726 दिनांक : 22.05.2026

ई निविदा सूचना 17-25/2026-27

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक भींडर, वल्लभनगर, नयागांव, ऋषभदेव, बडगावं एवं गोगुन्दा (9 पैकेज) में उत्पादन / जलग्रहण विकास कार्यों के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 277.95 लाख रुपये दिनांक 01.06.2026 को शाम 5.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती हैं। बोलियों से संबंधित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते हैं।

यूबीएन संख्या : WSC2627WSOB00445, WSC2627WSOB00446, WSC2627WSOB00447, WSC2627WSOB00448, WSC2627WSOB00450, WSC2627WSOB00451, WSC2627WSOB00453, WSC2627WSOB00454, WSC2627WSOB00455

अनिल सनाढ्य
अधीक्षण अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग, उदयपुर

DIPR/C/ 9329/2026

एसबीआई सेवा संगठन की त्रैमासिक बैठक उदयपुर में सम्पन्न

उदयपुर, (नसं)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया प्रशासनिक कार्यालय उदयपुर की सेवा संगठन के साथ त्रैमासिक बैठक प्रशासनिक कार्यालय उदयपुर अंचल के उपमहाप्रबंधक श्री अरबिंद कुमार भट्ट की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई । इस बैठक में उदयपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, चित्तोडगढ़, भीलवाड़ा के सहायक महाप्रबंधक और सेवा संगठन के सर्कल अध्यक्ष श्री अशोक मीणा, महासचिव श्री रामू लाल राणा, उपाध्यक्ष श्री लाला राम मीणा, सचिव श्री पूरनमल मीणा, कोषाध्यक्ष श्री भूपेंद्र कुमार जाटव, ऑर्गनाइज़ेशन सचिव श्री हरकेश मीणा,उदयपुर अंचल के अध्यक्ष श्री रवि चौहान, उप महासचिव श्री दीपक मालवी एवं अन्य प्रशासनिक और क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया 7 बैठक, सेवा संगठन और बैंक प्रबंधन के बीच सकारात्मक रूप से सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन के सभी मुद्दो पर प्रबंधन ने समाधान किए और कुछ के लिए जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक में उपमहाप्रबंधक ने सेवा संगठन के सभी पदाधिकारियों को मोमेंटों देकर स्वागत किया ।

ब्लेंडर्स प्राइड पैकेड ड्रिंकिंग वॉटर का रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़

उदयपुर, (निसं)। ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने * ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज * नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवर को केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है। ऐसे समय में जब उपभोक्ता अधिक अर्थपूर्ण और प्रीमियम अनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उनकी बदलती पसंद और जीवनशैली को दर्शाते हैं, ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्ड एक्सपीरियंसेज इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए फ्लेवर को एक नई अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है।

कपासन नगरपालिका ने ईद का पर्व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की

कपासन 27 मई (निसं)। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ने आगामी बकरीद (ईद - उल - अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण, एवं सौहार्दपूर्ण मनाए जाने की अपील की। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी खेमराज सिंह गुर्जर ने कपासन नगरवासियों से आगामी बकरी ईद (ईद - उल - अजहा) पर्व को शांतिपूर्ण, एवं सौहार्दपूर्ण एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन के सहयोग की अपील की। अधिशाषी अधिकारी ने समस्त नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं संबंधित पक्षों से कुर्बानी के विधिसम्मत एवं निर्धारित स्थानों पर ही करने,किसी भी प्रकार के प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं करने,पशु अवशेष, रक्त अथवा अन्य अपशिष्ट सार्वजनिक स्थानों,सड़क, चौराहों,गली,पार्क,जल स्त्रोतों नालियों अथवा खुले जल निकास स्थलों पर नहीं फेंकने की नागरिकों से अपील की।

अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा स्वच्छता बनाए रखने हेतु विशेष दल का गठन किया जाएगा। उक्त दल आवश्यक निगरानी एवं कार्यवाही करेंगे द्य तथा निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।

भारत रत्न स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

कपासन 27 मई (निसं)। आज नगर कांग्रेस कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। नगर प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत ने बताया कि नगर अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में उक्त विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी के पश्चात् पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरुलाल सेन की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मोन रखा गया। इसके पश्चात नव नियुक्त अनुसूचित प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष अनिल मोची ब्लॉक अध्यक्ष नरेश खटीक नगर निकाय प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष शिवदत्त छीनीवाल का भी नगर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस का ऊपरना ओढ़ा कर स्वागत किया गया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य ललित बोरीवाल पूर्व ब्लाक अध्यक्ष दिनेश चाष्टा पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दीनबंधु सोमानी पूर्व पार्षद शिव शंकर उपाध्याय सूर्य प्रकाश सिरोया भेरुलाल बारेगामा सत्यनारायण चोटिया शेयद अख्तर अली ने पंडित नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में इकबाल नीलकर पूर्व पार्षद भेरूलाल पुरबिया प्रकाश व्यास सत्यनारायण सेन हरलाल जाटिया रोहित कोहली मोहम्मद शेर हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी जमील खान पठान भूपेश गॉटवाल दीपक मोची सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव सोनी ने किया।

21वें दिवस भी 450 लीटर छाछ का हुआ वितरण, 2250 से अधिक लोगों ने लिया शीतलता का आनंद

निंबाहेड़ा, (निसं)। जेजेसी सेंट्रल बोर्ड चेरिटेबल ट्रस्ट, मुंबई की प्रेरणा एवं सहभागिता से जैन जागृति सेंटर, निंबाहेड़ा द्वारा संचालित नि:शुल्क छाछ वितरण सेवा प्रकल्प के 21वें दिवस शेखावत सर्कल, मंडी चौराहा स्थित केंद्र पर प्रात: 11 बजे से छाछ वितरण किया गया, जहां राहगीरों, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आमजन की बड़ी संख्या ने पहुंचकर शीतल छाछ का आनंद लिया। बुधवार को लगभग 450 लीटर छाछ वितरित की गई तथा 2250 से अधिक लोगों ने शीतल छाछ पीकर गर्मी से राहत एवं सुकून का अनुभव किया।

बुधवार को छाछ वितरण सेवा के लाभार्थी समाजसेवी बंशीलाल राईवाल निंबाहेड़ा रहे, जिसमें बंशीलाल राईवाल के साथ फूड सेविंग सोसाइटी निंबाहेड़ा की ओर से भोपाल सिंह बोड़ाना, श्यामसुंदर अग्रवाल, हिमांशु बैरवा, विजय बैरवा, प्रमिला पगारिया, सीमा जिन्दांनी , ऊषा अग्रवाल, निशा, मधु चौधरी, अलका धाकड़ आदि ने सेवा में सहयोग प्रदान किया।

RAJDARSHAN INDUSTRIES LIMITED

CIN:L14100RJ1980PLC002145

Address: 59, Moti Magri Scheme, Udaipur - 313001, Web: www.rajdarshanindustrieslimited.com, Mail: info@rajdarshanindustrieslimited.com

Statement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2026 (Rs. In Lakhs)

Particulars	Standalone					Consolidated				
	Quarter ended			Year ended		Quarter ended			Year ended	
	31/3/2026	31/12/2025	31/3/2025	31/3/2025	31/3/2026	31/3/2026	31/12/2025	31/3/2025	31/3/2025	31/3/2026
	Audited	Un-audited	Audited	Audited	Audited	Audited	Un-audited	Audited	Audited	Audited
Total income	(0.03)	97.27	(9.84)	209.83	97.24	(0.03)	97.27	(9.84)	209.93	97.24
Net Profit for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items	(22.14)	26.34	(34.95)	17.90	4.20	(22.14)	26.34	(34.95)	17.90	4.20
Net Profit for the period before tax after Exceptional and/or Extraordinary items	(22.14)	26.34	(34.95)	17.90	4.20	(22.14)	26.34	(34.95)	17.90	4.20
Net Profit for the period after tax after Exceptional and/or Extraordinary items	(43.65)	26.34	(29.00)	23.45	(17.31)	(43.65)	26.34	(29.00)	23.45	(17.31)
Share of Profit/Loss of associates and Joint Ventures accounted for using Equity method	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	(0.12)	(0.22)	0.43	0.04	(0.34)
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	(171.91)	24.29	(180.71)	47.73	(147.62)	(172.03)	24.07	(180.28)	47.77	(147.86)
Equity Share Capital	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83		310.83	310.83	310.83
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	0.00	0.00	0.00	1879.40	1731.78	0.00	0.00	1733.37	1881.33	0.00
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)										
1. Basic:	(1.40)	0.85	(0.93)	0.75	(0.56)	(1.41)	0.84	(0.92)	0.76	(0.57)
2. Diluted:	(1.40)	0.85	(0.93)	0.75	(0.56)	(1.41)	0.84	(0.92)	0.76	(0.57)

NOTES :- The standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2026 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of directors at their respective meetings held on May 26, 2026

The above is an extract of the detailed format of Quarterly and period ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

The full format of the Quarterly and period ended Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges and on Company's Website.

For Rajdarshan Industries Limited
Sd/-
Devendra Sharma, CEO & Managing Director (DIN: 00921174)

Place: Udaipur
Date: 26-05-2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड सलुम्बर

क्रमांक : अअ./टी.एस/2026-2027/डी- 336 दिनांक : 21.05.26

निविदा संख्या — 06/2026—2027

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के पात्र श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पात्र श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट https://eproc.rajasthan.gov.in, https://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्य का विवरण	6-कार्य
अनुमानित लागत (लाखों में)	240.00 Lacs.
निविदा विक्रय दिनांक	दिनांक 01-06-2026 से दिनांक 10-06-2026
डी.डी./बैंकर चैक जमा कराने की तिथि	दिनांक 11-06-2026 सायं 5.00 बजे तक
निविदा खोलने की दिनांक	दिनांक 12-06-2026 प्रातः 11.00 बजे से

NIB- PWD2627A0692
UBN - PWD2627WSOB03052,53,54,55,56,57

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड, सलूम्बर

DIPR/C/ 9239/2026

राजस्थान आवासन मण्डल

(A State Govt.enterprise constituted under RHB Act 1970)
वृत - उदयपुर
"Salumber Chauhara, Sector vv, Udaipur 313002
E Mail- DHCUDPR.RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक :- उप आ.आ./ वृत - उदय / 2026-27 /205 दिनांक :-201512026
Registered

-: जाहिर आम सूचना (दौहरा रजिस्ट्री नामान्तरण) :-

आवास संख्या,-72 आयवर्ग श्वड्ड माप 36.00 वर्ग मीटर योजना दक्षिण विस्तार आवासीय योजना - बलिचा शहर उदयपुर द्वारा श्री हरिश अरोडा पुत्र श्री ईश्वर दास को आवंटन पत्रांक 1454 दिनांक 24.12.2012 को आवास का आवंटन कर दिनांक 14.03.2013 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र 2582 दिनांक 14.03.2013 द्वारा श्री हरिश अरोडा पुत्र श्री ईश्वर दास को जारी किया गया एवं प्रथम रजिस्ट्री दिनांक 14.03.2013 को श्री हरिश अरोडा पुत्र श्री ईश्वर दास द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री हरिश अरोडा पुत्र श्री ईश्वर दास ने उक्त आवास का जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 14.03.2013 द्वारा श्रीमती पूनम खण्डेलवाल पुत्री श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता को बैचान किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक 3524 दिनांक 12.02.2014 द्वारा श्रीमती पूनम खण्डेलवाल पुत्री श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता को नाम हस्तान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात् श्रीमती पूनम खण्डेलवाल पुत्री श्री सुरेश चन्द्र गुप्ता ने उक्त आवास का जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 21.02.2026 द्वारा श्री दिनेश गोराणा पुत्र श्री रमेश गोराणा को एवं श्री दिनेश गोराणा पुत्र श्री रमेश गोराणा ने पुनः ने उक्त आवास का जरिये विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 16.03.2026 द्वारा श्रीमती भावना देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र को बैचान किया गया। श्रीमती भावना देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया है।

श्रीमती भावना देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र ने प्रार्थना पत्र, आवश्यक प्रपत्र मण्डल के निर्धारित प्रपत्रों में प्रस्तुत कर इस कार्यालय में निवेदन किया है कि उक्त आवास को उनके नाम कर दिया जावें।

अतः इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर - अन्दर इस कार्यालय को सूचित करे अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या,- 72, दक्षिण विस्तार आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्रीमती भावना देवी पत्नी श्री रमेश चन्द्र के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल,वृत्त - उदयपुर